दिन– रविवार    दिनांक– 22/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।    अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त इकहत्तर हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगें। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को सम्बोधित भी करेंगें। ये नियुक्तियां गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग समेत केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में दी जा रही हैं। इसके तहत देशभर के पैंतालीस स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को शीर्ष प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं की भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा।

————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्रधिकरण –सीसीपीए ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन करने वाले कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी हैं। सीसीपीए ने प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग कराने वाले एक संस्थान पर दो लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि कोचिंग संस्थान भ्रामक विज्ञापन तत्काल प्रभाव से बंद करें। मंत्रालय ने ये भी कहा है कि ऐसे झूठे और भ्रम फैलाने वाले विज्ञापनों से उपभोक्ता के अधिकारों का हनन होता है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पश्चिम चंपारण के वाल्मीकीनगर से अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। इसे लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में है। संतपुर के कदमहिया गांव में दो हेलीपैड बनाये जा रहे है। बगहा के पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डेढ़ सौ अधिकारियों और पांच सौ जवानों की टीम तैनात की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि

मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री कुमार प्रगति यात्रा के पहले चरण में तैईस से अट्ठाईस सितम्बर तक पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिले का दौरा करेंगे।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार एनडीए में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कोइ भ्रम नही हैं। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए का चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि अगामी विधानसभा चुनाव भी इन्हीं दो चेहरों के नेतृत्व में लड़ा जायेगा।

———————————————————

मधेपुरा के सांसद दिनेश चन्द्र यादव और सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामेत ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों सांसदों ने सिंहेश्वर स्थित बाबा सिंहेश्वरनाथ मंदिर को धार्मिक कॉरीडोर से जोड़ने का आग्रह किया। मधेपुरा सांसद श्री यादव ने सहरसा के माँ विषहरा मंदिर दिवारी स्थान को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने का भी अनुरोध किया है।

———————————————————

पूरबा हवा के प्रवाह से प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में औसतम एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कारण अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम पारा दस डिग्री सेल्सियस के ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। मौसत विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी और समस्तीपुर का पूसा राज्य के सबसे ठंढे स्थान रहे। इन दोनों स्थानों पर न्यूनतम तापमान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही हैं। इसके बाद प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंढ में बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————————

रेल पुलिस ने बरौनी रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोड़ के पास से लावारिस हालत मे पड़े एक बैग से पैंतीस लीटर से अधिक विदेशी शराब बरामद की है। इधर, अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सहरसा के बटोही कलग्राम में प्रसिद्ध रंग कर्मी जीत राय हांसदा के निर्देशन में पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पसिद्ध नाटक अजब–गजब किस्सा का मंचन किया गया।

———————————————————————————

समाप्त